प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
10.10.2025 09:00 ए.एम.

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे।

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 13 अक्टूबर को जयपुर दौरा प्रस्तावित –कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

- प्रदेशभर में अखंड सौभाग्य का प्रतीक करवा चौथ का पर्व धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

- राज्य में बारिश का दौर थमने के बाद गुलाबी ठंड का अहसास–दिन और रात के तापमान में गिरावट आई।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री धन–धान्य योजना और दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ये मिशन, देश को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से की गई पहल हैं। दूरदर्शन समाचार के साथ साक्षात्कार में, कृषि मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत सरकार कम उत्पादकता वाले 100 जिलों की पहचान करेगी और उत्पादकता बढ़ाने के लिए लक्षित उपायों को लागू करेगी।

00000

कृषि मंत्री ने कहा कि भारत दालों का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता होने के साथ–साथ सबसे बड़ा आयातक भी है। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि सरकार ने उत्पादन, उत्पादकता और खेती के रकबे को बढ़ाने के लिए दलहन आत्मनिर्भरता मिशन शुरू किया है।

00000

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 13 अक्टूबर को प्रस्तावित जयपुर दौरे की तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरा करने को कहा। गौरतलब है कि श्री शाह जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में तीन नये आपराधिक कानूनों पर लगाई जाने वाली राज्यस्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। वे राइजिंग राजस्थान के तहत मिले निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग के साथ ही विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा जिला कलक्टर और पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेन्स के उद्घाटन सत्र में भी केन्द्रीय गृहमंत्री शामिल होंगे।

0000

दीपावली से पहले उपभोक्ताओं की सुरक्षा के लिए राज्यभर में माप–तौल नियमों पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य विभाग, उपभोक्ता मामले विभाग और विधिक माप विज्ञान विभाग की ओर से चलाये जा रहे इस अभियान के तहत दुकानों का निरीक्षण कर नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। इसी कडी में कल जयपुर में 14 व्यापारिक प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया तथा सत्यापित बाट–माप और कांटों के प्रमाण पत्र नहीं मिलने पर दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। इस बीच शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत प्रदेशभर में मिलावटी और नकली खाद्य पदार्थों को जब्त कर उन्हें नष्ट करवाया

जा रहा है। इसी सिलसिले में जयपुर के खो नागोरियान में मिल्क केक बनाने के एक कारखाने पर कार्रवाई की गई और 600 किलो मिलावटी केक नष्ट करवाया गया।
उधर हनुमानगढ की गुड़ मंडी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने 580 किलो खराब गुड़ को मौके पर ही नष्ट करवाया और नमूने जांच के लिये भेजे गये। जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने कहा है कि नकली और मिलावटी खाद्य सामग्री की सूचना मिलने पर विभाग की ओर से कडी कार्रवाई की जायेगी।

00000

जयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने कल रात सवाई मानसिंह अस्पताल के न्यूरो सर्जरी विभाग के एचओडी और एसएमएस मेडिकल कॉलेज के अतिरिक्त प्रिंसिपल डॉक्टर मनीष अग्रवाल को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। यह रिश्वत बिलों पर हस्ताक्षर करने की एवज में मांगी गई थी। ब्यूरो की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ मनीष के खिलाफ परिवादी ने एसीबी को शिकायत की थी। शिकायत के बाद ब्यूरो ने मामले का सत्यापन कर कार्रवाई की। मामले की जांच की जारी है।

000

प्रदेशभर में अखंड सौभाग्य का प्रतीक करवा चौथ का पर्व धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाये जाने वाले इस पर्व पर महिलाएं परिवार में सुख समृद्धि और आरोग्य की कामना के लिए दिनभर निर्जला उपवास रखती हैं। रात को चन्द्रमा को अर्घ्य देकर व्रत खोलती है। करवा चौथ को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। कल दिनभर बाजारों में रौनक रही। महिलाओं ने पूजन की सामग्री सोलह श्रंगार के सामान और तोहफो की जमकर खरीदारी की। ब्यूटीपार्लर में महिलाओं की भीड देखी गई। सवाईमाधोपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि चौथ का बरवाडा स्थित चौथ माता मंदिर में सुबह से महिलाएं सज धज कर माता के दर्शनों के लिए पंहुच रही है। दर्शनों का ये सिलसिला चांद उगने के बाद भी जारी रहेगा।

00000

राज्य में बारिश का दौर थमने के बाद अब गुलाबी ठंडक महसूस की जा रही है। उत्तर–पश्चिमी हवाओं के असर से सुबह और शाम हल्की सर्दी का अहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में 2 से 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। सीकर में रात का पारा लुढककर 16 डिग्री सैल्सियस पर पहुंच गया है। वहीं ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। इस बीच अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। अधिकतर स्थानों पर दिन का तापमान 30 डिग्री सैल्सियस के आस–पास बना हुआ है। विभाग ने अगले दो हफ्तों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। साथ ही अगले पांच दिन के तापमान में 4 से 6 डिग्री की बढोतरी होने और रात के तापमान में कोई बदलाव नहीं होने के आसार है।

0000

दौसा जिले के सदर थाना इलाके में कल तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से मोटरसाईकिल पर सवार एक दम्पत्ति और उनकी भतीजी की मृत्यु हो गई। हादसे में दम्पत्ति का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जयपुर रैफर किया गया। हादसा लालसर रोड पर बाग की ढाणी के पास हुआ। सदर थाने के एसएचओ हनुमान सहाय ने बताया कि ये परिवार दौसा जिले के गोठड़ा गांव का रहने वाला था।

0000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में चल रहे लोक रंग महोत्सव में देशभर की लोक संस्कृतियों के रंग देखने को मिल रहे है। ये महोत्सव 17 अक्टूबर तक चलेगा। कल राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह आयोजित किया गया। इसमें 7 राज्यों के लोक नृत्य की प्रस्तुतियां हुई। राजस्थान के लोक कलाकारों ने 'तेरह ताली' नृत्य प्रस्तुत किया। उधर

बाडमेर में चल रहा थार महोत्सव कल सम्पन्न हुआ। समापन समारोह महाबार के रेतीले धोरों पर सांस्कृतिक संध्या के साथ आयोजित हुआ। इससे पहले किराडू मंदिर के प्रांगण में लोक कलाकारों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं।

0000